भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 234
जिसका उत्तर मंगलवार, 01 दिसम्बर, 2015 को दिया जाना है

इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड का पुनरुद्धार

234. श्री एम०बी०राजेशः

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड (आईएल) का पुनरुद्धार करने के संबंध में कोई निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का आईएल की लाभ अर्जित कर रही पालाक्कड़ इकाई को पृथक करने अथवा इसका सार्वजनिक क्षेत्र की किसी कंपनी के साथ विलय करने का प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो उक्त प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा आईएल की केवल लाभ अर्जित कर रही इकाइयों के संरक्षण के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क): जी, नहीं।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग) से (ङ): इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड की पलक्कड़ इकाई का अधिग्रहण करने के विकल्प पर विचार करने के लिए मुख्यमंत्री, केरल सरकार को पत्र लिखा गया है।

******